ड अ
की
हुए

कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर हनुमानगढ

प्रकरण संख्या 39/2018 सूचना के अधिकार के अन्तर्गत

श्री जयप्रकाश शर्मा पुत्र श्री नथमल जाति ब्राहम्ण निवासी हाल आबाद डी 203 वीणा नगर, एस.बी.रोड, मलाड वेस्ट मुम्बई-- पिन 400064 महाराष्ट्र।

--अपीलार्थी

बनाम

जिला रसद अधिकारी हनुमानगढ।

--प्रत्यार्थी

आदेश दिनांकः-11.07.2018

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जिला रसद अधिकारी हनुमानगढ के विरूद्ध प्राप्त हुई।

अपीलार्थी उपस्थित नही। अपील में अंकित तथ्यो के अनुसार अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जिला रसद अधिकारी हनुमानगढ से कोई सूचना नही मिली है। अपीलार्थी द्वारा सूचना उपलब्ध करवाने हेतु यह अपील की गई है।

जिला रसद अधिकारी हनुमानगढ से पत्र कमांक 3162 दिनांक 11.07.2018 द्वारा जबाव प्राप्त हुआ जिसकी प्रतिलिपि अपीलार्थी को प्रेषित किया जाना पाया गया।

पत्रावली का अवलोकन किया। जिला रसद अधिकारी हनुमानगढ के पत्रांक 3162 दिनांक 11.07.2018 के अनुसार उनके द्वारा यह अवगत करवाया गया है कि केवल मासिक सारांश उपलब्ध करवाये जा सकते है। जिला रसद अधिकारी हनुमानगढ के उक्त पत्र के साथ संलग्न पत्र कमांक 3124 दिनांक 03.7.2018 की प्रति का अवलोकन करने से उनके द्वारा केवल मासिक सांराश की प्रति लेने हेतु अपीलाथी को सूचित किया जाना पाया गया हैं। ऐसी स्थिति में अपीलार्थी को इस अपील में कोई अनुतोष नही दिया जा सकता हैं। अतः अपीलार्थी की यह अपील उक्तानुसार निर्णित की जाती है। आदेश की प्रति दोनो पक्षो को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ

Web Copy Not Official